


## अजीत अगरकर ने बताई कमजोरी

रोहित हैमस्ट्रिंग चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला नहीं खेले थे। उन्हें फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे से भी बाहर होने के लिये बाध्य होना पड़ा था क्योंकि वह चयन समिति के टीम की घोषणा से पहले पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं कर सके थे। हैमस्ट्रिंग की समस्या बार बार उभरती रहती है जिसके कारण उन्हें 2020–21 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले दो टेस्ट मैच और सफेद गेंद के चरण में भी बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि अब रोहित वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे जो छह फरवरी से अहमदाबाद में वनडे के साथ शुरू हो रही है।

## रोहित शर्मा के लिए क्या है सबसे बड़ी चुनौती?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर का मानना है कि भारत के सफेद गेंद के नए कप्तान रोहित शर्मा के लिए सबसे बड़ी चुनौती अगले 24 महीनों में होने वाले टी20 और वनडे विश्व कप तक फिट बने रहने की है। विराट कोहली के टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित को कप्तान नियुक्त किया। बाद में कोहली को वनडे की कप्तानी से भी हटाकर यह जिम्मेदारी रोहित को सौंपी गयी। अगरकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह अच्छी चीज है कि सफेद गेंद के प्रारूप के लिए एक कप्तान हो और अब रोहित के पास यह जिम्मेदारी है।' अगरकर को लगता है कि कप्तान को टीम के साथ मौजूद रहना चाहिए। अगरकर ने कहा, 'इसलिए रोहित शर्मा के लिए चुनौती, मेरी राय में, फिट बने रहने और अब से सफेद गेंद के क्रिकेट में विश्व कप तक हर टूर्नामेंट में खेलने की है क्योंकि आप टीम के साथ कप्तान चाहते हो – यह विराट कोहली की मजबूती थी और उनसे पहले एमएस धोनी की भी, वे शायद ही कभी मैच से बाहर होते थे और दोनों ही फिट रहते थे।'

# अंडर–19 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई युवा भारतीय टीम

क्रिकेट

## सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ढुल ने लगाई थी सेंचुरी



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अंडर 19 वर्ल्ड कप 2022 में यश ढुल की कप्तानी में भारतीय अंडर 19 टीम फाइनल में पहुंच चुकी है। अब शनिवार को फाइनल मैच में भारत का मुकाबला इंग्लैंड के साथ होना है। इंग्लैंड की टीम ने अब तक सिर्फ एक बार अंडर 19 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम साल 1998 में किया था और उसके बाद से ये टीम खिताब के लिए तरस रही है। वहीं भारतीय टीम ने अब तक साल 2000, 2008, 2012 और 2018 में ये खिताब अपने नाम किया था और इस टीम की नजर अपने पांचवें खिताब पर है। इसके अलावा ये चौथा मौका है जब भारतीय टीम लगातार फाइनल में पहुंची है। अंडर 19 वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 1988 में की गई थी। हालांकि इसका दूसरा सीजन 10 साल के बाद यानी साल 1998 में खेला गया था, लेकिन इसके बाद से हर दो साल पर इस टूर्नामेंट का आयोजन लगातार किया जा रहा है। साल 2022 में इसका 14वां सीजन खेला जा रहा है, लेकिन इससे पहले खेले गए 13 सीजन में भारत ने चार बार खिताब अपने नाम किया था।

बुधवार को भारत ने जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंडर–19 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया तो कई लोगों को हैरानी हुई। कूलीज की पिच का स्वभाव दो मैचों में काफी अलग रहा था। ढुल के लिए मुश्किलें इसके बाद और बढ़ीं जब वह खुद बल्लेबाजी करने क्रीज पर उतरे। स्कोर था 13 ओवरों में 37 रन पर दो विकेट। लेकिन इसके बाद धीरे–धीरे बदला। अगले 33 ओवरों में दर्शकों ने एक शानदार वनडे पारी देखी। पारी को सही तरीके से रफ्तार दी। उन्होंने 110 रन की पारी खेली। इस पारी ने भारत की बड़ी जीत का आधार रखा। शनिवार को अब भारत और इंग्लैंड के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा।

ढुल के क्रिकेट सफर की शुरुआत 11 साल की उम्र में हुई। इसमें भी एक चुनौती थी। वह बाल भवन स्कूल में गए। वहीं वह बीते 8 साल से अपने हुनर को मांझ रहे है। यहीं अकादमी में उन्हें पहली बार मौका मिला और तब से वह लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। शुरुआत में प्रिंसिपल ने उन्हें मौका नहीं दिया था। यश का क्रिकेटिंग दिमाग बहुत तेज है और चीजों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। वह बहुत तेजी से बदलाव भी करते हैं। टीम में ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो दबाव नहीं लेते और एक समय पर एक मैच पर ध्यान लगाते हैं।

# कासिम अकरम ने डबल धमाके से रचा इतिहास, पाक ने श्रीलंका को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

एंटीगा। कप्तान कासिम अकरम (135 नाबाद) और (5á37) की शानदार प्रदर्शन के कारण यहां विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में शुक्रवार को आईसीसी अंडर–19 क्रिकेट विश्व कप 2022 में पांचवें स्थान के प्लेऑफ में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 238 रनों से करारी शिकस्त दी।

19 वर्षीय अकरम ने नाबाद 80 गेंदों में 135 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को 365/3 का शानदार स्कोर बनाने में मदद की, जिसमें सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान ने भी 136 रन बनाए। ऑफ स्पिन गेंदबाज अकरम की आंधी में पूरी श्रीलंका का सफाया हो गया, जिससे विरोधी टीम पर



पाकिस्तान ने बड़ी जीत दर्ज की। अकरम के कारनामों ने उन्हें आईसीसी अंडर –19 विश्व कप इतिहास में शतक बनाने और एक ही खेल में पांच विकेट लेने वाले पहला खिलाड़ी बना दिया। सलामी बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान और मुहम्मद शहजाद ने 24.1 ओवर में पहले विकेट के लिए 134 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को अच्छी शुरुआत दी। लेकिन किसी भी श्रीलंकाई गेंदबाज पाकिस्तान पर दबाव बनाने में असफल रहे, क्योंकि शहजाद को 25.3 ओवरों में 69 गेंदों में 73 रन पर आउट करने के बाद कप्तान अकरम ही क्रीज पर आए, जिन्होंने 80 गेंदों की शानदार पारी खेलते हुए 6 छक्के और 13 चौके लगाए, जिससे आखिरी में नाबाद 135 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

अकरम और खान के बीच के 25.3 ओवरों में 229 रनों साझेदारी हुई, बाद में तीन गेंदों में अपनी खुद की शानदार 136 रनों की पारी के साथ टूर्नामेंट का दूसरा शतक जड़ दिया। इरफान खान पारी की अंतिम गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जिसके कारण पाकिस्तान ने 50 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर 365 रन बनाए। विशाल लक्ष्य को हासिल करने टीम की ओर से विनूजा रणपुल नाबाद 53 रन बनाए।

## जाइल्स के बाद, एशेज में हार के बाद इंग्लैंड के कोच सिल्वरवुड का इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक एशले जाइल्स ने भी पद छोड़ दिया था। सिल्वरवुड ने कहा, 'पिछले दो साल काफी चुनौतीपूर्ण थे। मैंने टीम के साथ अपने समय का पूरा मजा लिया।' उन्होंने कहा, 'मैं अच्छी यादों के साथ जा रहा हूं। अब अपने परिवार के साथ समय बिताऊंगा और करियर की दूसरी पारी का आगाज करूंगा।' अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले अंतरिम कोच की नियुक्ति की जाएगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरीसन ने कहा, 'क्रिस ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया और खिलाड़ियों तथा स्टाफ ने उसके साथ काम करने का पूरा आनंद उठाया।' उन्होंने कहा, 'क्रिस के कोच रहते सीमित ओवरों की इंग्लैंड टीमें विश्व रैंकिंग में पहले दूसरे स्थान पर पहुंची। टेस्ट टीम ने साउथ अफ्रीका और श्रीलंका में जीत दर्ज की। उनके योगदान के लिए आभार।'

## न्यूज डायरी



## एंडी फ्लावर ने पाकिस्तान सुपर लीग को दिखाया ठेंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। जिम्बाब्वे के सबसे सफल क्रिकेटरों में से एक एंडी फ्लावर ने इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी के लिए पाकिस्तान सुपर लीग सीजन 7 को बीच में ही छोड़ दिया है। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान 12–13 फरवरी को बेंगलुरु में होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी में नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच के रूप में हिस्सा लेंगे। क्रिकेट पाकिस्तान में मुल्तान सुल्तांस के मीडिया अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि फ्लावर पीएसएल की ओर से मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे और 13 फरवरी को पाकिस्तान में वापस आ जाएंगे। सुल्तान्स के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, 'सुल्तान कम से कम 10 दिनों तक बिना फ्लावर के रहेंगे। वह 12 और 13 फरवरी को बैंगलोर में होने वाली मेगा नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स का नेतृत्व करेंगे। भारत की यात्रा इतनी जल्दी होगी कि नीलामी से पहले रणनीति बनाई जाए। सुल्तानों को 5 और 10 फरवरी को पेशावर जाल्मी से भिड़ना है और फिर 11 फरवरी को लाहौर कलंदर्स से खेलेंगे।

## सीए अगर लैंगर को बर्खास्त करता है तो क्रिकेट मूर्ख नजर आएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली का मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के अनुबंध में विस्तार करेगा क्योंकि अगर सफल कार्यकाल के बाद वे उसे बर्खास्त करते हैं तो इससे खेल 'मूर्ख' नजर आएगा। लैंगर का अनुबंध जून में खत्म होना है। उनकी अगुआई में पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी20 विश्व कप खिताब जीता और हाल में एशेज में भी दबदबा बनाते हुए 4–0 से जीत दर्ज की। वह भविष्य में अपनी भूमिका को लेकर सीए से बात कर रहे हैं। हीली ने 'सेन रेडियो' से कहा, 'कोच किसी भी बड़े खिलाड़ी जितना महत्वपूर्ण नहीं होता.... आप किसी सीनियर खिलाड़ी की तुलना में कोच को कहीं आसानी से बदल सकते हो।' उन्होंने कहा, 'हालांकि अगर वे जस्टिन लैंगर को बर्खास्त करते हैं तो खेल मूर्ख की तरह नजर आएगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे उसे बर्खास्त करेंगे।'

## इंडिया की वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे के लिए ऐसी हो सकती है प्लेइंग इलेवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ चार खिलाड़ियों का कोविड पाजिटिव होना टीम के लिए नुकसानदायक साबित हुआ। टीम के चार बेहतरीन खिलाड़ी शिखर धवन, रितुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर और नवदीप सैनी बुधवार को पाजिटिव पाए गए थे और उनका फिलहाल खेलना मुश्किल है। वहीं केएल राहुल पहले वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हैं ऐसे में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में किन–किन खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा इसे जानने के लिए क्रिकेट फैंस बेताब हैं। कुछ मुख्य खिलाड़ियों को उपलब्ध नहीं होने की वजह से पहले वनडे में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन कुछ इस तरह का हो सकता है। ओपनिंग की बात करें तो रोहित शर्मा ओपन करेंगे, लेकिन उनके साथ ईशान किशन या फिर मयंक अग्रवाल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसनैन अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए निलंबित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन को अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में अंपायरों ने पिछले महीने हसनैन की शिकायत की थी जब वह बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए खेल रहे थे। उनके गेंदबाजी एक्शन की लाहौर में जांच की गई चूंकि उन्हें पाकिस्तान सुपर लीग में खेलना था। पीसीबी ने एक बयान में कहा, अवैध गेंदबाजी एक्शन नियमों के तहत जब तक मोहम्मद हसनैन दोबारा जांच में क्लीन चिट नहीं ले लेते, वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे।' हसनैन पाकिस्तान के लिए आठ वनडे और 18 टी20 मैच खेलकर 29 विकेट ले चुके हैं।